# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2020 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना

**विज्ञप्ति संख्या - 75/2019**

एतद् द्वारा सभी कोटि के महाविद्यालय/+2 विद्यालय के प्राचार्यों एवं वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2020 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2020 के लिए पंजीकृत छात्र/छात्रा, जो कक्षा-11 की परीक्षा 2019 में Promoted है, के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध होगा, जिसे डाउनलोड कर परीक्षा आवेदन प्रपत्र भराने की कार्रवाई की जाएगी। संबंधित +2 विद्यालय/इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य परिषद् द्वारा पूर्व में उपलब्ध कराये गये ID एवं Password का उपयोग करते हुए वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2020 का परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन भरेंगे।

वैसे पूर्ववर्त्ती छात्र/छात्राएँ (पंजीयन सत्र 2015-17), जिनके तीन वर्ष की सूचीकरण अवधि समाप्त हो गयी है, का पुर्नपंजीयन एवं परीक्षा आवेदन प्रपत्र भी ऑनलाइन भराया जाएगा। वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2020 के लिए पुर्नपंजीयन, नियमित/स्वतंत्र/पूर्ववर्त्ती छात्र/छात्रा तथा सम्मुन्नत परीक्षा एवं पूर्ववर्त्ती छात्र/छात्रा, जो Qualifying परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन भरने का कार्यक्रम निम्न प्रकार निर्धारित किया जाता है:-

| शुल्क विवरणी | ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने एवं चालान जेनरेट करने की तिथि | शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| विलम्ब शुल्क रहित | 06.12.2019 से 19.12.2019 तक | 21.12.2019 तक |
| विलम्ब शुल्क सहित | 20.12.2019 से 26.12.2019 तक | 27.12.2019 तक |

सत्र 2018-20 के पंजीयन के लिए +2 विद्यालय/महाविद्यालय को उपलब्ध कराये गए User ID एवं Password का ही उपयोग कर परीक्षा आवेदन प्रपत्र/पुर्नपंजीयन हेतु प्रपत्र भरा जा सकेगा।

परिषद् के उक्त वेबसाइट पर अपलोड की गई शर्त्तें, प्रक्रिया एवं शुल्क संबंधी निर्देश का अक्षरश: अनुपालन करते हुए परीक्षा आवेदन प्रपत्र/पुर्नपंजीयन प्रपत्र भरना सुनिश्चित किया जाए। वेबसाइट पर आवेदन प्रपत्र एवं Fee Structure अपलोड कर दिया गया है। उक्त प्रपत्र को सभी छात्र/छात्राओं को उपलब्ध कराते हुए ससमय भरे हुए प्रपत्र प्राप्त कर लिया जाय ताकि ऑनलाइन प्रपत्र भरने हेतु समय की बचत हो सके। **ध्यातव्य कि किसी भी परिस्थिति में आवेदन प्रपत्र भरने एवं बैंक में शुल्क जमा करने की निर्धारित अवधि विस्तारित नहीं की जाएगी।**

**नोट:- वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2020 में सम्मिलित होनेवाले नियमित छात्र/छात्राएँ परीक्षा आवेदन प्रपत्र में अंकित की जानेवाली सभी विवरणी (यथा-पंजीयन संख्या, कक्षा XI का Roll code एवं Roll No. इत्यादि) कक्षा-11 के अंक पत्र के अनुसार ही भरेंगे।**

अध्यक्ष के आदेश से,
ह./-
(महीप कुमार सिंह)
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

JAC/4188/17-SECY/517/19
Dt. 30.11.2019
D.O.P: 01.12.2019